भारत सरकार

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4511**

**20.08.2025 को उत्तर देने के लिए**

राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली का सुदृढ़ीकरण

4511. श्री अरुण भारतीः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली को सुदृढ़ करने और राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग (एनएससी) की स्वायत्तता सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ख) क्या सरकार की आधिकारिक आंकड़ों के लिए एक एकीकृत डेटा प्रणाली सृजित करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री [राव इंद्रजीत सिंह]

(क): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (सां. और कार्य.कार्या.मंत्रा.) ने भारत में राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणाली को मजबूत करने के लिए कई संस्थागत और तकनीकी सुधार किए हैं। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की कुछ प्रमुख पहलों में, अन्य बातों के साथ-साथ, रिपोर्ट जारी करने में समय अंतराल को कम करके समय सीमा में सुधार, रिपोर्ट जारी करने की आवृत्ति में वृद्धि, विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल करके राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षणों के दायरे को व्यापक बनाकर विविधता में वृद्धि; जिला स्तर के अनुमान तैयार करने के लिए सर्वेक्षणों के प्रतिदर्श डिजाइन को संशोधित करके डेटा ग्रैन्युलैरिटी में वृद्धि, आईटी आधारित डेटा संग्रह, इसकी अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रशासनिक डेटा-सेट का सामंजस्य, ई-सांख्यिकी पोर्टल के माध्यम से उपयोगकर्ता केंद्रित डेटा प्रसार को लागू करना, माइक्रोडेटा डेटा पोर्टल को नया रूप देना, उपयोगकर्ताओं के साथ नियमित संपर्क और उन्नत प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करना आदि शामिल हैं।

इसके अलावा, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय उप-राष्ट्रीय डेटा प्रणालियों को मजबूत करने के लिए, उप-राज्य (विस्तृत) स्तर पर प्रमुख सांख्यिकीय उत्पादों के निर्माण के लिए राज्य सरकारों एवं संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के साथ नियमित रूप से प्रशिक्षण, कार्यशालाएं और सम्मेलन आयोजित करता है।

मंत्रालय के 5 नवंबर 2019 को अधिसूचित संकल्प के अनुसार, राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग को अपने कार्यों का प्रभावी और कुशलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए अपेक्षित स्वायत्तता प्राप्त है।

(ख) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन आधिकारिक आंकड़ों के एकीकरण और प्रसार के लिए ई-सांख्यिकी पोर्टल नामक एक डेटा भंडार विकसित किया है, जो आधिकारिक आंकड़ों के प्रसार के लिए एक व्यापक मंच के रूप में कार्य करता है और प्रमुख सामाजिक-आर्थिक संकेतकों के लिए एक डैशबोर्ड प्रदान करता है। सूक्ष्म स्तरीय डेटा/इकाई स्तरीय डेटा के प्रसार में सुधार करने के लिए, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने एक संशोधित माइक्रो-डेटा पोर्टल शुरू किया है, जिसमें अधिक उत्तरदायी उपयोगकर्ता इंटरफेस है और वर्तमान में 175 से अधिक सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षणों के डेटा उपलब्ध हैं। हाल ही में, आधिकारिक आंकड़ों को उपयोगकर्ताओं के लिए सुलभ बनाने के लिए GoIStats मोबाइल ऐप भी शुरू किया गया है, जिसका इंटरैक्टिव डैशबोर्ड जीडीपी, मुद्रास्फीति, रोजगार डेटा आदि सहित महत्वपूर्ण मैट्रिक्स के गतिशील विजुअलाइज़ेशन के साथ महत्वपूर्ण संकेतक प्रदर्शित करता है। इसके अतिरिक्त, सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के परिणामों की रिपोर्ट, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की वेबसाइट पर इकाई स्तर के डेटा के साथ, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अग्रिम रिलीज कैलेंडर में निर्धारित समय-सीमा के अनुसार जारी की जाती है।

*****